# S. D. Govt. College, Beawar (Raj.)

## Chapter-7

## Best Practices

## Media

# विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प, पौधों का वितरण

भास्कर न्यूज़ | ब्यावर




ब्यावर. अर्थ दिवस पर बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश।

विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर शुक्रवार को बेबी वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल ब्यावर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या विनय डोसी ने बताया कि पृथ्वी सभी जीवों के लिए जीवनदायिनी है। जीवन जीने के लिए जिन प्राकृतिक संसाधनों की जरूरत एक पेड़, एक जानवर या फिर एक इंसान को होती है, पृथ्वी वह सब हमें प्रदान करती है। हालांकि वक्त के साथ सभी जरूरी प्राकृतिक संसाधनों का दोहन इस कदर हो रहा है कि समय से पहले की सभी संसाधन खत्म हो सकते हैं। ऐसे में मनुष्य के लिए पृथ्वी पर जीवित रहना मुश्किल हो जाएगा। इसी मुश्किल को हल करने के लिए प्रकृति प्रदत्त चीजों का संरक्षण करने की आवश्यकता है। इस आवश्यकता के बारे में सभी को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 22 अप्रैल को ''''पृथ्वी दिवस'''' मनाया जाता है। कार्यक्रम में विद्यार्थी वियोमी सोनी,आशी भूतड़ा आदित्य ,कनक सोनी आरण्या जैन द्वारा बहुत ही अच्छे अच्छे प्रोजेक्ट तैयार किये गये। अध्यापिका कोमल ने बताया कि अर्थ डे को मनाने की शुरुआत 1970 में हुई थी। सबसे पहले अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन ने पर्यावरण की शिक्षा के तौर पर इस दिन की शुरुआत की थी। एक साल पहले 1969 में कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में तेल रिसाव की वजह से त्रासदी हो गई थी। इस हादसे में कई लोग आहत हुए और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने का फैसला किया। इसके बाद नेल्सन के आह्वान पर 22 अप्रैल को लगभग दो करोड़ अमेरिकियों ने पृथ्वी दिवस के पहले आयोजन में हिस्सा लिया था। इस कार्यक्रम के दौरान अध्यापक धनेन्द्र डोसी, शर्मिला आदि स्कूल अध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

स्थानीय सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों को विश्व अर्थ डे का महत्व बताया गया। इसके साथ ही इस दौरान प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा उपस्थित बच्चों को पौधे वितरित किए गए उन्हें रोपित करने के साथ ही उनके सार-संभाल को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ अनीता अग्रवाल, पूजा वरुण, दीपाली लाल व पूजा देवेंद्र मौजूद रहे।

# पृथ्वी दिवस पर पौधों का वितरण

ब्यावर. सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग की



ओर से विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. आलोक मीणा व डॉ. दुष्यंत त्रिपाठी थे। डॉ. आलोक मीणा ने छात्रों को विश्व अर्थ डे का महत्व बताया कि हिन्दी विभागाध्यक्ष अनिता अग्रवाल ने धरती को माता तुल्य सम्मान देना चाहिए। डॉ. पूजा वरुण ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिएं। प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. दीपालीलाल ने पर्यावरण के बारे में जानकारी दी। पौधों का छात्रों को वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप देवल ने किया। अंत में डॉ. राक?श बसेर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एस.डी.कॉलेज में विश्व शांति दिवस मनाया



ब्यावर. सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय में विश्व शांति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद प्रोफेसर एवं विद्यार्थी।

**ब्यावर.** सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग की ओर से विश्व शांति दिवस मनाया गया । इस अवसर पर आयोजित चार्ट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विश्व शांति की थीम पर विभिन्न चार्ट का प्रदर्शन किया। डॉ. दीपाली लाल ने विश्व शांति दिवस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. बिंदु तिवारी ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण से किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ पूजा देवेंदा ने कार्यक्रम की उपयोगिता एवं उद्देश्य की जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. कमलेश रावत, डॉ अतुल जैन, डॉ सत्येंद्र जैन उपस्थित रहे।

दैनिक नवज्योति

Anc

उपस्थित थे।

## पृथ्वी दिवस का बताया महत्व

**ब्यावर।** सतानत धर्म राजकीय महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा विश्व अर्थ दिवस का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत मुख्य अतिथि डॉ.



आलोक मीणा, विभागाध्यक्ष सोशलॉजी डिपार्टमेंट एवं डॉ.दुष्यंत त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष संगीत विभाग ने छात्रों को विश्व अर्थ डे का महत्व बताया। उन्होंने छात्रों को पृथ्वी को बचाने के लिए अपने उद्‌बोधन से प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ.अनीता अग्रवाल, हिंदी विभाग ने छात्रों को धरती को माता तुल्य सम्मान देने की बात कही। डॉ. दीपालीलाल विभागाध्यक्ष प्राणी शास्त्र, सह आचार्य पूजा देवेन्दा प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा 25 पौधों का छात्रों को वितरण किया गया तथा उन्हें और पौधों को लगाने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ.संदीप देवल द्वारा किया गया एवं अंत में डॉ. राकेश बसेर सभी का अभिनंदन किया गया।

सार समाचार

कि लगभग लगाई गई। राजकीय से किया जाएगा।

**सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय : अन्तरराष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन**

# पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली मानवकृत गतिविधियां रोकना जरूरी

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**ब्यावर.** सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग की ओर से शनिवार को इकोसिस्टम-रीस्टोरेशन विषय पर एक दिवसीय इंटरनेशनल वेबीनार का आयोजन किया गया। यूनाइटेड नेशन्स डिकेड ऑन इकोसिस्टम रीस्टोरेशन 2021-30 के अंतर्गत सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग, अग्रवाल कन्या महाविद्यालय गंगापुरसिटी और वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फण्ड, इंडिया की ओर से आईसीऐनसी के 21 पार्टनर एसोसिएट्स के संयुक्त तत्वावधान में नेचर एंड ह्यूमन इंटररेलशनशिप विषय पर ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया।

वेबिनार का सचिव डॉ. दीपालीलाल ने गणेश वंदना के साथ शुभारंभ किया एवं वेबीनार के महत्व पर प्रकाश डाला। वेबिनार में मुख्य अतिथि आईएएस कॉलेज शिक्षा के आयुक्त संदेश नायक थे। उन्होंने



सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय एवं अग्रवाल कॉलेज गंगापुर सिटी की पर्यावरणीय संबंधित विषय पर वेबीनार आयोजित करने के लिए सराहना की।

एसडी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अरुण गुप्ता ने कहा कि यह वेबीनार अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि कोई भी समाज या राष्ट्र पर्यावरणीय क्षरण के शर्त पर विकास नहीं कर सकता। कार्यक्रम में अग्रवाल शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ओपी माथुर ने कहा की सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह वेबीनार पर्यावरण संरक्षण के एक पावन उद्देश्य को लिए हुई है।

वेबीनार के मार्गदर्शक एवं पर्यावरण संरक्षक डॉ.सत्य प्रकाश मेहरा ने बताया की इकोलॉजिकल रीस्टोरेशन एक विषय ना होकर बल्कि एक पहल है। जहां पर समस्त शिक्षाविद वह प्रतिभागी पर्यावरण के संरक्षण के संकल्प को आगे बढ़ाएंगे।

वेबीनार के अतिथि वक्ता बीएल बामनिया ने कहा कि हमें इस वेबीनार के माध्यम से यह संदेश पहुंचाना होगा कि मानव कृत गतिविधियों को रोकना होगा जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। कार्यक्रम के प्लेनरी सेशन का संचालन डॉ. जयंत चौधरी ने किया। इस सेशन में देश विदेश से अनेकों शिक्षाविदों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस सेशन में गुस्तावा पॉल ब्राजील से, जॉर्ज ओंसी इजिप्ट से, निक्की दी बिना यूएसए से, श्रीओम भूटान से, तपस रंजन चक्रवर्ती बांग्लादेश से आरके मेघवाल ने अपने बहुमूल विचार प्रस्तुत किए। वेबीनार अरुण श्रीवास्तव, कृष्ण के सिन्ह संदली श्रीवास्तव, राहुल भटनागर प्रो. डॉली, सतीश शर्मा, देवें भारद्वाज ने पर्यावरण से संबंधि विभिन्न पहलुओं पर विचार रखे अंत में डॉ. कमलेश रावत ने धन्यवा ज्ञापित किया।

ई तक निर्माण पूर्ण    भी उपस्थित थे।

# प्रकृति एवं मानव अन्तर्सम्बंधों पर अंतरराष्ट्रीय वेबिनार आज

**ब्यावर।** सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय तथा अग्रवाल कन्या महाविद्यालय गंगापुर सिटी की आईक्यूएसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों, विश्व प्रकृति निधि, उदयपुर कार्यालय तथा 21 अन्य सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त तत्त्वावधान में शनिवार को अन्तरराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। एसडी कॉलेज प्राचार्य डॉ.अरुणा गुप्ता ने बताया कि वेबिनार में वक्ता प्रकृति एवं मानवीय अन्तर्सम्बंध विषय पर विचार प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में मार्गदर्शक के रूप में अग्रवाल कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य एवं पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. सत्य प्रकाश मेहरा होंगे। वेबिनार संयोजक दीपालीलाल ने बताया कि मुख्य अतिथि आयुक्त राजस्थान उच्च शिक्षा विभाग संदेश नायक तथा विशिष्ट अतिथि अग्रवाल शिक्षण संस्थान अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, आरके मेघवाल व प्रोफेसर बीआर बामनिया होंगे। अन्तरराष्ट्रीय वक्ताओं में दक्षिण कोरिया से डॉ. डाय यिओग जिऑग तथा अफ्रीका यूरोपीय देशों के वैज्ञानिक होंगे। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। इसका लाइव प्रसारण अग्रवाल कन्या महाविद्यालय के यूट्यूब चैनल के माध्यम से किया जाएगा।

दैनिक नवज्योति

Anchal - 26 Jun 2021 -

# प्रकृति एवं मानव अन्तर्सम्बंधों पर अंतरराष्ट्रीय वेबिनार आज

**ब्यावर।** सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय तथा अग्रवाल कन्या महाविद्यालय गंगापुर सिटी की आईक्यूएसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों, विश्व प्रकृति निधि, उदयपुर कार्यालय तथा 21 अन्य सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त तत्त्वावधान में शनिवार को अन्तरराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। एसडी कॉलेज प्राचार्य डॉ.अरुणा गुप्ता ने बताया कि वेबिनार में वक्ता प्रकृति एवं मानवीय अन्तर्सम्बंध विषय पर विचार प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में मार्गदर्शक के रूप में अग्रवाल कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य एवं पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. सत्य प्रकाश मेहरा होंगे। वेबिनार संयोजक दीपालीलाल ने बताया कि मुख्य अतिथि आयुक्त राजस्थान उच्च शिक्षा विभाग संदेश नायक तथा विशिष्ट अतिथि अग्रवाल शिक्षण संस्थान अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, आरके मेघवाल व प्रोफेसर बीआर बामनिया होंगे। अन्तरराष्ट्रीय वक्ताओं में दक्षिण कोरिया से डॉ. डाय यिओग जिऑग तथा अफ्रीका यूरोपीय देशों के वैज्ञानिक होंगे। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। इसका लाइव प्रसारण अग्रवाल कन्या महाविद्यालय के यूट्यूब चैनल के माध्यम से किया जाएगा।